बिहार सरकार

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2024/20 दिनांक- 18.10.2024**

## डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2024

## सरकारी / निजी क्षेत्र के पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय) [PM] / पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय) [PMM] पाठ्यक्रम समूहों में प्रवेश हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2024/05 दिनांक- 14.07.2024 के क्रम में DCECE (PM / PMM)-2024 के आधार पर बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी अस्पतालों एवं अन्य मान्यता प्राप्त सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के विभिन्न पारा मेडिकल [PM] (इंटरमीडिएट स्तरीय) तथा पारा मेडिकल [PMM] (माध्यमिक स्तरीय) पाठयक्रमों की रिक्त सीटों पर Online Counselling हेतु DCECE (PM / PMM)-2024 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों / सम्बन्धित संस्थानों को Choice filling एवं अग्रेत्तर Counselling कार्यक्रम हेतु निम्नवत् सूचित किया जाता है;

**(A)** DCECE [PM/PMM]-2024 के परीक्षाफल के आधार पर पात्रता-प्राप्त सभी अभ्यर्थी पर्षद के उक्त Website पर जाकर "Rank Card of DCECE-2024" Link पर Click करने के बाद अपना रौल नं. एवं जन्म तिथि डालकर Rank Card प्राप्त करने की सूचना उपरोक्त विज्ञापन के माध्यम से दी जा चुकी है। उक्त मेधा सूची पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

**(B)** (1) Online Choice filling / Counselling प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थी "Online Counselling Portal of DCECE-2024" पर Click करें। तत्पश्चात Online Counselling के लिए नया Registration एवं Choices भरने हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी "Click here for New Registration" Link पर click कर Computer Screen पर माँगे गये सूचनाओं की प्रविष्टि कर अपना Registration करें।

(2) **Registration उपरांत अभ्यर्थी अपने User ID एवं Password से अपने account में login कर अपनी प्राथमिकता अनुसार अधिक से अधिक Colleges एवं Course का Choice भरें।** Choice भरने के उपरांत अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने Choice को Edit कर सकते हैं । दिये गये Schedule के अनुसार अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choice से अगर संतुष्ट हैं तो अपने choice को Lock कर दें । Choice locking उपरांत अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये Choices में अगर किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं तो वे "Unlock Choices" बटन पर click करें तथा अपने Registered Mobile no. तथा email पर प्राप्त OTP को Authenticate / Verify कर choices में बदलाव निर्धारित अंतिम तिथि तक कर सकते हैं। तदुपरांत अभ्यर्थी अंतिम रूप से भरे गये choices को पुन: lock कर दें। अगर अभ्यर्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना Choice lock नहीं करते हैं तो उनका choice निर्धारित अंतिम तिथि के तुरंत बाद स्वत: Lock हो जायेगा । अंतिम तिथि उपरांत choice में किसी प्रकार के बदलाव का प्रावधान नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये choices का Print-out निकाल कर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें ।

<u>नोट :</u> **Registration, Choice Locking एवं Unlocking की प्रक्रिया OTP Authentication के माध्यम से की जायेगी, जिसे अभ्यर्थी के पंजीकृत / Registered मोबाईल नं. एवं email ID पर भेजा जायेगा । साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकृत मोबाईल नं. एवं email ID को किसी भी शर्त्त पर बदला नहीं जा सकता है।**

(3) **Online counselling हेतु Registration एवं Choice filling की प्रक्रिया one-time है। इसलिए अगर कोई अभ्यर्थी first round में Registration नहीं करते हैं अथवा Registration कर अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दुबारा registration एवं choice filling का मौका नहीं दिया जायेगा।**

(4) अंतिम रूप से भरे गये Choices की List (सूची) Seat Allotment से पूर्व अभ्यर्थी के पंजीकृत email ID पर email के माध्यम से भेजी जाएगी।

(5) वैसे सभी अभ्यर्थी का, जिन्होंने निर्धारित अंतिम तिथि तक Choice Filling किया है, मेधा-सह-विकल्प के आधार पर Seat Allotment किया जायेगा।

(6) अभ्यर्थी अपना सीट आवंटन Result देखने हेतु निर्धारित तिथि से अपने Account में login कर अपना सीट आवंटन result देख सकते हैं। अगर कोई अभ्यर्थी अपने आवंटित कॉलेज एवं ब्रांच से संतुष्ट नहीं है तो Provisional Allotment Order Download करने के क्रम में अगले round के लिए Upgradation हेतु अपनी इच्छा व्यक्त करें। अगर कोई अभ्यर्थी अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए upgradation हेतु अपनी इच्छा व्यक्त नहीं करते हैं तो उन्हें अगले round की कॉउन्सेलिंग के लिए विचार नहीं किया जायेगा।

(7) **आवंटित सभी अभ्यर्थी, चाहे जिन्होंने Upgradation की इच्छा व्यक्त किया हो अथवा नहीं,** द्वारा Download किये गये provisional allotment order में Document Verification / Admission हेतु Reporting / Nodal Centre का नाम एवं तिथि अंकित होगा, जिसके अनुसार अभ्यर्थी अपने संबंधित Reporting / Nodal Centre पर निर्धारित तिथि तक जाकर अपना Document Verification करायेंगे । **अगर कोई अभ्यर्थी किसी भी कारणवश निर्धारित तिथि तक अपना Document Verification नहीं कराते हैं तो वैसे सभी आवंटित अभ्यर्थियों को अगले round के लिए अयोग्य मानते हुए आवंटित सीट को रिक्त मान लिया जायेगा और वे आगे की कॉउन्सेलिंग हेतु भी अयोग्य हो जायेंगे।** परन्तु अगर 1st Round में किसी अभ्यर्थी को सीट आवंटन नहीं होता है तो वह अगले Round का इंतजार करेंगे।

(6) **PM / PMM के लिए Online Counselling से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् हैं;**

| Sl. | Time Schedule | Date & Time |
|---|---|---|
| i. | Seat Matrix posting on website | 18.10.2024 |
| ii. | **Starting date** of Online Registration-cum-Choice filling for Seat Allotment | 21.10.2024 |
| iii. | **Last date** of Online Registration-cum- Choice filling for seat allotment and locking. | 26.10.2024 |
| iv. | **1st Round provisional Seat Allotment Result publication date** | 30.10.2024 |
| v. | Downloading of Allotment Order (1st Round) | 30.10.2024 to 06.11.2024 |
| vi. | **Document Verification and Admission (1st Round)** | 01.11.2024 to 06.11.2024 |
| vii. | **2nd Round provisional Seat Allotment Result publication date** | 13.11.2024 |
| viii. | Downloading of Allotment Order (2nd Round) | 13.11.2024 to 19.11.2024 |
| ix. | **Document Verification and Admission (2nd Round)** | 14.11.2024 to 19.11.2024 |

(7) इन्टरनेट व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । अत: अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।

(8) Document Verification के समय DCECE-2024 के उपरोक्त पाठ्यक्रम समूह में पात्रता प्राप्त आवंटित प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने Reporting / Nodal Centre पर विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में उल्लिखित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत सभी निम्नांकित मूल प्रमाण-पत्र / दस्तावेज एक-एक स्वसत्यापित फोटो प्रति के साथ लाना अनिवार्य है।

- (i) मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र तथा (ग) मूल/ औपबंधिक प्रमाण-पत्र (जन्म तिथि प्रमाण हेतु)।
- (ii) इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा का (क) मूल प्रवेश-पत्र, (ख) मूल अंक-पत्र ।
- (iii) डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डी.सी.ई.सी.ई.)-2024 का मूल प्रवेश-पत्र (Admit Card) तथा उसमें लगाए गए फोटोग्राफ की छ: अतिरिक्त प्रतियाँ।
- (iv) मूल जाति प्रमाण-पत्र (v) मूल आवासीय प्रमाण-पत्र (vi) चरित्र प्रमाण-पत्र (vii) विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 1 एवं 2 में वर्णित अन्य प्रमाण-पत्र, जहाँ लागू हों, यथा- Economical Weaker Section (EWS) प्रमाण-पत्र एवं विकलांगता कोटा (DQ) हेतु विकलांगता प्रमाण पत्र आदि। आरक्षित कोटि का लाभ लेने वाले प्रत्येक उम्मीदवारों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने मूल निवास से सम्बन्धित सक्षम प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा निर्गत मूल जाति प्रमाण पत्र साक्षात्कार / पात्रता सत्यापन के समय अवश्य जमा करें। उम्मीदवार द्वारा जमा किये जाने वाले जाति प्रमाण पत्र में उल्लिखित आरक्षण कोटि वही होनी चाहिये जो डी.सी.ई.सी.ई.-2024 में सम्मिलित होने के लिये निर्गत उसके प्रवेश पत्र में उल्लिखित हो।
- (viii) Copy of Aadhar Card
- (ix) DCECE-2024 के लिए online किये गये Application Form के Part-A एवं Part-B की Hard Copy
- (x) Rank Card of DCECE (PM / PMM)-2024
- (xi) Online Counselling हेतु Registration एवं Choice filling करने के उपरांत Choice Slip की प्रति ।
- (xii) Download किये गये Provisional Allotment Order की तीन प्रति ।
- (xiii) The Verification Slip (जाँच-पर्ची) in 2 copies as downloded alongwith Biometric Form in 1 copy साक्षात्कार / Document Verification के समय साथ लाना अनिवार्य है।

(9) कॉउन्सेलिंग / Document Verification की तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता [विवरण पुस्तिका की कंडिका-6.1 एवं 7.1] के अनुसार उत्तीर्णता आवश्यक है अन्यथा वे नामांकन के हकदार नहीं होंगे।

(10) अभ्यर्थी, Reporting / Nodal Centre पर जाकर अपना Document Verification कराने के पश्चात् अगर Round-2 की कॉउन्सेलिंग के लिए Upgradation हेतु इच्छा व्यक्त किये हैं तो वे अपना मूल प्रमाण पत्र के साथ हस्ताक्षरित Document Verification Slip अपने साथ वापस ले लें। यदि Round-2 में उनका सीट Upgrade होता है तो **Round-2 में आवंटित सीट पर नामांकन हेतु निर्धारित Reporting / Nodal Centre पर अभ्यर्थी Round-1 के Document Verification Slip एवं सम्बन्धित सभी वांछित मूल प्रमाण पत्रों के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होंगे, अन्यथा Round-2 में आवंटित सीट को रिक्त मान लिया जायेगा जिसके फलस्वरूप पूर्व (1st round) की आवंटित सीट भी रिक्त हो जायेगा।** लेकिन यदि अभ्यर्थी का Round-1 का सीट ही Retain रह जाता है तो वे पूर्व आवंटित संस्थान में Document Verification Slip एवं सम्बन्धित सभी वांछित मूल प्रमाण पत्रों के साथ report कर निर्धारित अवधि में नामांकन लेंगे, अन्यथा उनका Round-1 का उक्त आवंटित सीट रद्द हो जायेगा।

**परीक्षा नियंत्रक**